# कार्यालय वन संरक्षक, पश्चिमी वृत्त, उत्तराखण्ड, हल्द्वानी (नैनीताल)

उत्तराखण्ड शासन
अरण्य भवन, रामपुर रोड, हल्द्वानी (नैनीताल) दूरभाष/फैक्स : 05946–220003 ई.मेल : cfwkum-forest-uk@nic.in.

पत्रांक– 725 / 12-1 हल्द्वानी, दिनांक, 05 नवम्बर, 2022.

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, इन्दिरा नगर फौरेस्ट कालोनी,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषयः– जनपद–चम्पावत के अर्न्तगत नगर पंचायत बनबसा एंव नगर पालिका परिषद, टनकपुर के कूड़ा निस्तारण हेतु बनबसा में ट्रंचिंग ग्राउण्ड के निर्माण हेतु 0.80 है0 वन भूमि लीज पर लिये जाने के सम्बन्ध में।

संदर्भः– आपकी पत्र संख्या 360/FP/UK/others/ 33662/2018 दिनांक 02.08.2022।

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र के माध्यम से विषयांकित प्रकरण में आपत्तियॉं लगायी गयी थी, जिसके क्रम में प्रभागीय वनाधिकारी तराई पूर्वी वन प्रभाग, हल्द्वानी द्वारा अपनी पत्र संख्या 1716/12–1 दिनांक 27.09.2022 एवं पत्र संख्या 2284/12–1 दिनांक 02.11.2022 से आपत्तियों का निराकण कर आख्या इस कार्यालय में प्रेषित की गयी है, जो निम्न प्रकार हैः–

| क0सं0 | आपत्ति | निस्तारण |
|---|---|---|
| 1 | बिन्दु संख्या–01 के अनुपालन में अभी भी ऑनलाईन पोर्टल के पार्ट–I पैरा–H में आवश्यक संशोधन नही किया गया है। | प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रयोक्ता अभिकरण के अनुसार उक्त परियोजना के लिये वन भूमि हस्तान्तरण के पश्चात निर्माण कार्य कराये जाने से पूर्व Environment Clearance प्राप्त किया जायेगा। |
| 2 | बिन्दु संख्या–03 के अनुपालन में Solid Waste Management हेतु न्यूनतम क्षेत्र की आवश्यकता निर्धारित करने हेतु मानक/तकनिकी आधार से सम्बन्धित प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये जाने हैं। | प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रयोक्ता अभिकरण के अनुसार उक्त परियोजना हेतु जिलाधिकारी महोदय चम्पावत द्वारा प्रमाणित किया गया है कि उक्त भूमि न्यूनतम भूमि है, तत्पश्चात DPR वनाने वाली एजेन्सी Every ULB Technology Pvt. Ltd. द्वारा प्रदत्त पत्र प्रभागीय वनाधिकारी के पत्र के साथ संलग्न है। |
| 3 | प्रकरण में वांछित बिन्दुओं की सूचनायें/प्रमाण पत्र छाया प्रति में प्रेषित किये गये हैं, मूल में प्रेषित करने का कष्ट करें। | प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रयोक्ता अभिकरण के अनुसार सभी वांछित सूचनाओं /प्रमाण पत्रों की मूल प्रति प्रभागीय वनाधिकारी के पत्र के साथ संलग्न है। |

अतः प्रभागीय वनाधिकारी की आख्या मय संलग्नको सहित सादर प्रेषित की जा रही है।

संलग्न–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(दीप चन्द्र आर्य)
वन संरक्षक,
पश्चिमी वृत्त, उत्तराखण्ड, हल्द्वानी।

पत्रांक 725 / उक्तदिनांकित।

प्रतिलिपि प्रभागीय वनाधिकारी, तराई पूर्वी वन प्रभाग, हल्द्वानी को उनकी पत्र संख्या 1716/12–1 दिनांक 27.09.2022 एवं पत्र संख्या 2284/12–1 दिनांक 02.11.2022 के कम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(दीप चन्द्र आर्य)
वन संरक्षक,
पश्चिमी वृत्त, उत्तराखण्ड, हल्द्वानी।

02-11-22


# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, तराई पूर्वी वन प्रभाग, हल्द्वानी

शीशमबाग वन परिसर, जेल रोड, हीरानगर, हल्द्वानी, जिला नैनीताल
E-mail : dfote@rediffmail.com, Phone: 05946-254309, Fax: 05946-250298


पत्रांक 2284 / 12-1 हल्द्वानी, दिनांक 02/11/ 2022

सेवा में,

वन संरक्षक,
पश्चिमी वृत्त,
हल्द्वानी।

विषयः– जनपद–चम्पावत के अर्न्तगत नगर पंचायत बनबसा एवं नगर पालिका परिषद् टनकपुर के कूड़ा निस्तारण हेतु बनबसा में ट्रेचिंग ग्राउण्ड के निर्माण हेतु 0.80है0 वन भूमि लीज पर लिये जाने के सम्बन्ध में। (FP/UK/OTHERS/33662/2018)

संदर्भः– आपका पत्रांक–618 / 12–1 दिनांक 13.08.2022।

महोदय

उपरोक्त सन्दर्भित पत्र के क्रम में बिन्दु सं0–3 के अनुसार "प्रकरण में वांछित बिन्दुओं की सूचनायें / प्रमाण–पत्र की मूल प्रतियां प्रेषित की जानी है"। अतः उक्त आपत्ति के निराकरण हेतु प्रमाण–पत्रों की मूल प्रतियां दिये गये निर्देशानुसार प्रेषित है।

**संलग्नक– उपरोक्तानुसार**

भवदीय

(संदीप कुमार)
प्रभागीय वनाधिकारी,
तराई पूर्वी वन प्रभाग,हल्द्वानी।

कार्यालय वन संरक्षक पश्चिमी वृत्त नैनीताल.
पंजीकरण सं0 2515
पंजी0 सं0 12-1
दिनांक 3-11-22